प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-412**
11/09/2017

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने छात्र प्रद्युम्न के मॉ एवं चाचा से दूरभाष पर बात की, इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पुनः हरियाणा के मुख्यमंत्री से दूरभाष पर वार्ता कर पीड़ित परिवार से मिलने का अनुरोध किया

पटना 11 सितम्बर, 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हरियाणा के गुरूग्राम में रेयान इन्टरनेशनल स्कूल के दूसरी कक्षा का छात्र प्रद्युम्न की हत्या मामले में आज छात्र प्रद्युम्न के मॉ और चाचा से दूरभाष पर बात की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से दूरभाष पर वार्ता की और उनसे छात्र प्रद्युम्न के परिवार से मिलने का अनुरोध किया, इससे पीड़ित परिवार का मनोबल बढ़ेगा तथा जॉच में निष्पक्षता एवं तेजी आयेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पीड़ित परिवार से मिलने तथा निष्पक्ष एवं तेजी से जॉच कराने का आश्वासन दिया।

******